तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 किक बाक्सिंग खिलाड़ियों को नहीं मिली खेल सामग्री व सुविधाएं





14 शहर में रंगबिरंगी राखी का बाजार सजा















## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक प्रवेश परीक्षा आज

**धमतरी।** आज 27 जुलाई को व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। इस प्रतियोगी परीक्षा में धमतरी जिले से 10 हजार 760 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी व्यापम पवन प्रेमी ने परीक्षा केन्द्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। उन्होंने संबंधित पर्यवेक्षकों को गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए सुबह 7 बजे जिला कोषालय धमतरी में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा 27 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**कुकरेल(धमतरी)।** उपतहसील कुकरेल के अंतिम छोर के ग्राम दरगहन में 27 जुलाई रविवार को साहू भवन में ग्राम पटेल संघ की बैठक रखी गई है। दरगहन के ग्राम पटेल हेमूराम निषाद, झनकेश्वर साहू ग्राम पटेल सलोनी ने बताया कि संघ की बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। ग्राम पटेल संघ को मजबूत बनाने को लेकर विचार किया जाएगा। ग्राम सुधार के तहत नशामुक्ति, बिजली, पानी, सड़क व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी।

### राजपुर में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नवयुवक कबड्डी दल के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 जुलाई रविवार को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 13001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 6001 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये दिए जायेंगे। इसके अलावा बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑल राउंडर को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 351 रूपये है। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा होंगी। अध्यक्षता जामबाई सिन्हा सरपंच राजपुर करेंगी। विशिष्ट अतिथि कविता सिन्हा जनपद सदस्य, कृष्ण कुमार ध्रुव जनपद सदस्य, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, जनक साहू अध्यक्ष मोहंदी सोसाइटी, डॉ हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, हेमलाल यादव सचिव पंचायत होंगे।

दो दिनों से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए, गंगरेल बांध में 60 फीसदी जल भराव

# मानसून शबाब पर, कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानसून गतिविधियां पूरे जिले में मजबूती के साथ सक्रिय हैं। शुक्र-शनि को रेन डे की स्थिति बनी रही। आज भी मौसम का यही हाल रह सकता है। दो दिन से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। बादलों के साथ रूक-रूककर हल्की बारिश होती रही। दिन और रात के बीच तापमान का अंतर मात्र 3 डिग्री रह गया है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस है। रविवार को भी रूक-रूककर बारिश होने की संभावना है।

जिले के साथ कैचमेंट एरिया में बारिश होने से गंगरेल बांध का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। शनिवार शाम को 8 हजार क्यूसेक पानी की आवक हो रही थी। बांध में ग्रास लेवल पर 21 टीएमसी पानी के साथ 60 प्रतिशत जलभराव हो गया है। बांध के लाल निशान को टच करने के लिए अभी 11 टीएमसी पानी की जरूरत है। 5 जून से पहले गंगरेल बांध में 13.551 टीएमसी पानी के साथ 31 फीसदी जलभराव था। वर्षाकाल में 8 टीएमसी पानी की आवक गंगरेल बांध में दर्ज की गई है।



### बेलर तहसील में 7 सेमी से अधिक बारिश

शुक्रवार की सुबह 8 बजे से शनिवार सुबह 8 बजे तक जिले भर में वर्षा गतिविधियां जारी रही। सबसे अधिक वर्षा बेलरगांव तहसील तथा सबसे कम वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। 24 घंटे में बेलरगांव तहसील में 75.5 मिमी कुकरेल तहसील में 49 मिमी, नगरी तहसील में 35.7 मिमी, भखारा तहसील में 26 मिमी, धमतरी तहसील में 21.3 मिमी, कुरूद तहसील में 20.8 मिमी तथा मगरलोड तहसील में सबसे कम 11.6 मिमी वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है।

### धमतरी जिला 24 घंटे के लिए येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने शनिवार को 2 बजे वर्षा की चेतावनी जारी की है, जिसमें धमतरी जिला येलो अलर्ट पर है। उत्तरी छत्तीसगढ़ और इससे सटे झारखंड पर बना अवदाब पश्चिम की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह 27 जुलाई तक कमजोर होकर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की प्रबल संभावना है। मानसून गर्त अनूपगढ़, चुरू, ग्वालियर, रींवा, उत्तरी छग, दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी की पूर्वी मध्य भाग से गुजर रहा है। इसके प्रभाव से कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 27 और 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

शहीद वीर जवानों को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

# पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद धमतरी के सदस्यों ने कारगिल उद्यान महिमासागर वार्ड में कारगिल विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। सभी ने देश सेवा में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के अतिथि अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जपं धमतरी, दीपक सोनकर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, जगमोहन साहू, उमेश साहू, प्रजापति सर, ज्योति साहू, जय हिन्दुजा आदि थे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित लोगों ने वीर जवानो को श्रद्धांजलि दी। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस काफी महत्वपूर्ण दिन है। 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध 60 दिन चलने के बाद समाप्त हुआ। इस युद्ध में भारत की जीत हुई। कारगिल युद्ध में भारत के कई जवान शहीद हुए, जिनके सम्मान के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस आपरेशन में दो लाख सैनिकों को युद्ध में भेजा गया। इस युद्ध में 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 सैनिक घायल हुए। यह दिवस एक तिथि नहीं बल्कि भारत के गौरव, साहस, शौर्य और बलिदान की अमिट गाथा का प्रतीक है। हर वर्ष 26 जुलाई को उन बहादुर सैनिकों को याद करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देते हुए हमारे देश की रक्षा की।

मौके पर केपी साहू, मुरारीलाल, कविता साहू, महेंद्रकुमार संत, रूपराम सेन, टिकेशकुमार साहू, रोहन लाल, मनेशगिरी गोस्वामी, भोजराम, दिनेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, गोकुल साहू, पीताम्बर, अजयपुरी गोस्वामी सहित परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।









# शहर से कटा बलियारा, बारिश में छात्र नहीं जा पाते स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

## डोड़की बलियारा के बीच रपटा उफान पर

शहर से पांच किमी दूर डोड़की से बलियारा मार्ग स्थित रपटा से बलियारावासी तंग आ गए हैं। हल्की बारिश में रपटा उफान पर आने से रास्ता बंद हो जाता है। यह रपटा 15 साल से स्कूली बच्चों सहित आम लोगों के लिए बारिश में मुसीबत बना हुआ है।

बलियारा निवासी सुदर्शन ठाकुर ने बताया कि डोड़की से बलियारा जाने के मार्ग पर एक रपटा है जिसमें हल्की बारिश होने पर उफान आ जाता है। बलियारा के लोगों के लिए यह मार्ग बंद हो जाता है। उन्होंने बताया कि बलियारा के छात्र शंकरदाह स्कूल में पढ़ने आते हैं। बारिश होने पर रपटा में कमर तक पानी चलने लगता है जिससे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। पैदल वाले ही नहीं मोटरसायकल से लेकर अन्य वाहनों का आवागमन बंद हो जाता है। बारिश में बलियारावासियों को संबलपुर की ओर से घूमकर शहर आना पड़ता है। पूर्व सरपंच हीरा ध्रुव ने बताया कि शासन- प्रशासन से कई बार इस रपटा में पुल बनाने की मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस रपटा के कारण बलियारा शहर से कट जाता है। आवागमन बंद होने से बलियारावासियों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने रपटा में शीघ्र पुल निर्माण करने की मांग की है।

# अमलीडीह से पृथक पंचायत कुल्हारीकोट की आईडी नहीं



- मनरेगा मजदूरों को नहीं मिल पा रही है मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत अमलीडीह से पृथक नई पंचायत कुल्हारीकोट की आईडी नहीं बनने का मामला सामने आया है। आईडी नहीं होने से ग्रामीण प्रधामंत्री आवास योजना में मनरेगा मद की राशि से ग्रामीण वंचित हो रहे हैं।

मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत कुल्हारीकोट निवासी अशोक कुमार नेताम, खोरबाहरा ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदन कर कहा है कि अमलीडीह से पृथक पंचायत कुल्हारीकोट बना है। इस पंचायत की आईडी नहीं बनी है जिसके कारण पीएम आवास कार्य में मजदूरों के 90 दिन की मजदूरी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों को आवास बनाने में काफी परेशानी हो रही है। सरपंच भारती निषाद ने अमलीडीह से पृथक कुल्हारीकोट की आईडी जारी कर आवास निर्माण में मनरेगा मद के श्रमिकों को मजदूरी दिलाने की मांग की है।

पीड़ित उपचार के लिए पहुंच रहे जिला अस्पताल

# बारिश में बिच्छू डंक व सर्पदंश के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बरसात के मौसम में लोग बिच्छू डंक व सर्पदंश के शिकार हो रहे हैं। पीड़ित उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल सहित जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

बारिश का सीजन शुरु होते ही जहरीले जीव जंतु सक्रिय हो जाते हैं। शहर व ग्रामीण अंचल में बिच्छू डंक व सर्प दंश के मामले बढ़ने लगते हैं। विशेषकर ग्रामीण अंचल में इस तरह के केस ज्यादा होते हैं क्योंकि बरसात शुरु होते ही लोग खेती किसानी के काम में जुट जाते हैं। खेती का काम करते समय लोग सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में जहरीले जीव जंतु घरों में दुबक जाते हैं, जिससे कारण लोग सोते समय या घरेलू कार्य करते समय बिच्छू या सांप की चपेट में आ जाते हैं। इन दिनों खेती का काम जोरों से चल रहा है। इस दौरान लोग सर्पदंश के शिकार हो रहे हैं। बीते दिनों जिला अस्पताल में बिच्छू डंक के मारने व सांप के काटने के लगभग आधा दर्जन केस पहुंचे थे। जिसमें अहिल्या निषाद पति रमेश उम्र 22 वर्ष ग्राम रामपुर थाना भखारा निवासी को खेत में निंदाई करते समय एक भूरे रंग के सांप ने काट लिया था। इसी तरह सोनकुंवर सोनकर पति सोनूराम उम्र 65 वर्ष नयापारा गोकुलपुर निवासी को नहरपार किनारे भाजी तोड़ते समय बिच्छू ने काट दिया था। धनमत ढीमर पिता कृष्णा उम्र 22 वर्ष ग्राम दोनर देवरी निवासी को खेत की नर्सरी से धान का पौधा निकालते समय भूरे रंग के सांप ने उसके बाएं पैर को काट लिया था। उर्वशी नेताम उम्र 37 वर्ष ग्राम कनेरी थाना गुरुर निवासी आंगनबाड़ी में सहायिका का काम करती है। बच्चों को भोजन कराते समय अचानक आंगनबाड़ी में घुसे सांप को वह भगा रही थी, तभी सांप ने उसे काट लिया।

इसी तरह बद्रीनारायण धमतरी निवासी को घर में बिच्छू ने डंक मार दिया था। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया। मरीजों को तत्काल एंटीवेनम वैक्सीन देकर उनका उपचार किया गया। एक से दो दिन भर्ती रहने के पश्चात स्वस्थ हो जाने पर मरीजों को अस्पताल से डिसचार्ज कर दिया गया।









### अस्पतालों में पर्याप्त एंटीवेनम : कौशिक

सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक ने बताया कि बारिश के मौसम में बिच्छू व सर्प दंश का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी व पीएचसी में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम रखा गया है। डा. कौशिक ने कहा कि जहरीले जीव जंतु के काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़कर तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंच उपचार कराएं।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### तुमाबैगापारा स्कूल के बच्चों ने जाना हरेली पर्व का महत्व

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी एवं पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी के बच्चों ने हरेली पर्व मनाया। शिक्षक उमेन्द्र ठाकुर ने बताया कि यह पर्व श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है। शिक्षिका सविता छाटा ने बताया कि इस दिन मवेशियों को अंडा पान के साथ जड़ी बूटी खिलाई जाती है जिससे वह मौसम के अनुसार स्वस्थ रहे। प्रधानपाठिका श्रीमती बिंदु ध्रुव ने बताया कि हमें यह पर्व सीख देता है कि पर्यावरण को बचाए रखें। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उसे हम कैसे रोके। उसका सिर्फ एक ही उपाय है अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं। पीएमश्री की प्रधान पाठिका लक्ष्मी कुमार साहू ने बताया कि त्योहार में गेड़ी चढ़ने की जो परंपरा है, वह बच्चों में एक प्रकार से संतुलन बनाए रखने का है। इसे हमारे पूर्वजों ने बनाया है। कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं के बच्चों के साथ सोमदत्त साहू, रोशन यादव, डोमेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## निधन

### सेवकराम साहू



**सिर्री।** ग्राम गोबरा निवासी सेवकराम साहू 67 वर्ष का आकस्मिक निधन 23 जुलाई बुधवार को हो गया। वे कुमारी साहू के पति और संतोष, रोहित कुमार के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजनों, ग्रामीणों सहित समाजजनों की भीड़ रही।

### रामाधीन टंडन



**अंवरी।** ग्राम पुरेना निवासी रामाधीन टंडन का आकस्मिक निधन 25 जुलाई को हो गया। स्व. रामाधीन सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। वे ग्राम पंचायत सिर्वे के प्रथम सरपंच, पूर्व सदस्य कृषि उपज मंडी कुरुद एवं सतनामी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष थे। वे अपने पीछे भरा -पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में परिवारजन, ग्रामीण एवं समाजजन उपस्थित हुए।

अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने रोक लगाने करेली बड़ी चौकी पुलिस को ज्ञापन सौंपा

# नशे की वजह से गांव में बाल अपराध एवं विवाद बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



अधिकारी-कर्मचारी संगठन के सदस्यों ने बुधवार को करेली बड़ी चौकी पुलिस प्रभारी तुलसी मिथिलेश को ज्ञापन सौंपकर करेली बड़ी में नशापान, जुआ कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

विदित हो कि करेली बड़ी में जमकर अवैध शराब, जुआ का खेल चल रहा है। युवा नशापान के आदी हो चुके हैं जो गांव के लिए चिंता का विषय है। इन सब अवैध कार्य पर लगाम कसने अधिकारी कर्मचारी संगठन ने करेली पुलिस से मांग की। संगठन के अध्यक्ष हरिशंकर साहू, कंवलराम साहू उपाध्यक्ष, चंद्रहास साहू कोषाध्यक्ष, वेदराम साहू सचिव, हुलासचंद साहू ने बताया कि विगत कुछ समय से नशा सेवन, जुआ खेल की प्रवृति का ग्राफ बढ़ चुका है। इससे गांव का सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। गांव की प्रमुख जगह गायत्री मन्दिर, अटल चौक, बाजार चौक, हाईस्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। शराब, गांजा, जुआ का खेल इन जगहों में तेजी से बढ़ गया है। चौकी से महज कुछ दूरी पर गायत्री मन्दिर है। यहां असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। इन लोगों की वजह से महिला-बालिका पूजा स्थल में जाने से असहज महसूस करती है। गांव में बाल अपराध और विवाद तेजी से बढ़ रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग डरे हुए हैं। पुलिस से नशाखोरी, अवैध शराब, जुआ और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिन जगहों में असामाजिक तत्वों का डेरा है वहां नियमित पेट्रोलिंग करने की मांग की है।

संगठन ने चेताया कि यदि शीघ्र आवश्यक कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीणजन और संगठन आंदोलन की राह पकड़ने को विवश होंगे। इससे पहले भी अवैध शराब को बन्द कराने बजरंग दल के सदस्यों ने चौकी में आवेदन दिया है।

# मुचकुंद ऋषि आश्रम के सामने 40 फीट शिवजी की प्रतिमा ले रही आकार





■ स्थापना महाशिवरात्रि के दिन बागेश्वर धाम बाबा धीरेन्द्र शास्त्री करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

धर्मप्रेमी व समाजसेवी द्वारा मेचका में भगवान शिवजी के 40 फीट की भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है। यह प्रतिमा सिहावा क्षेत्र में सबसे बड़ी होगी। सोंढूर बांध के पास मुचकुंद ऋषि आश्रम के सामने इसका निर्माण किया जा रहा है। यह प्रतिमा स्व. लखनी देवी सिन्हा सांकरा और स्व. महेश सिन्हा सांकरा की स्मृति में स्थापित की जा रही है। प्रतिमा की ऊंचाई करीब 40 फीट होगी।

धर्मप्रेमी, समाजसेवी व संस्थापक हितेश सिन्हा ने बताया कि प्रतिमा की स्थापना महाशिवरात्रि के दिन बागेश्वर धाम बाबा धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर निर्धन परिवार से 7 विवाह योग्य जोड़ियों का विवाह भी कराया जाएगा। पर्यटन सोंढूर बांध एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां लोग प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेने आते हैं। भगवान शिव की इस भव्य प्रतिमा के निर्माण से इस क्षेत्र में पर्यटन को और बढ़ावा मिलने की संभावना है। हिन्दू धर्मप्रेमियों में प्रतिमा निर्माण को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# हरेली पर मरौद में सजी कवियों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



■ भजनामृत पुस्तक का हुआ विमोचन

हरेली त्योहार के अवसर पर संगवारी साहित्य समिति सिर्री का कवि सम्मेलन प्यारेलाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक के आमंत्रण पर ग्राम मरौद में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्यारेलाल साहू सेनि शिक्षक मरौद की रचित भजनामृत पुस्तक का विमोचन साहित्यकारों ने किया। देर शाम तक चले कवि सम्मेलन में गीत, गजल, मुक्तक, हास्य व्यंग्य और छंदबद्ध कविताओं से सभी सराबोर हुए। नवोदित रचनाकार के रूप में दिल्ली यूनिवर्सिटी में गजल के छात्र सुमित साहू के साथ हलायुध, ज्योति, ट्विंकल साहू, कुलदीप पटेल ने पहली बार रचना पाठ कर महफिल में तालियां बटोरी।

इस अवसर पर आरपी सिन्हा सिर्री, वरिष्ठ साहित्यकार मोहनलाल घिवरिया सिर्री, निरंजन ठहाका बिरेझर, गंगाराम परेटहा, बृजलाल दावना, सेलिना दावना, लिखन साहू, कामता साहू, घनाराम साहू, डॉ धर्मेंद्र साहू, मोहन कंसारी, लीलाराम सिन्हा, लुकेश साहू, एस कुमार साहू ने विभिन्न विषयों में कविता पाठ करते हुए खूब गुदगुदाया। इस दौरान आयोजक प्यारेलाल साहू द्वारा सम्मानस्वरूप विमोचित पुस्तक की प्रति और कलम भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि रामेश्वर साहू बकली ने किया।

बेलरगांव के बस स्टैंड में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के बाद ग्रामीणों ने किया विदा

# तीन सौ कांवरिये ओड़िशा और गरियाबंद के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



बोल बम कांवरिया सेवा समिति बेलरगांव द्वारा इस वर्ष से भी बोलबम कांवर यात्रा निकाली जा रही है। कांवरिये शनिवार को सिहावा कर्णेश्वर धाम में रात्रि विश्राम कर रविवार को प्रात 5 बजे स्नान कर मंदिर दर्शन पश्चात कर्णेश्वर धाम स्थित महानदी से जल उठाकर विधि विधान पूजा-अर्चना कर शिव मंदिर भरवन ओडिशा व भूतेश्वर गरियाबंद के लिए प्रस्थान करेंगे। सोमवार को पहुंचकर भगवान भोलेनाथ में जल चढ़ाएंगे।

कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव द्वारा ग्राम बेलरगांव के बस स्टैंड में भगवान भोलेनाथ के छायाचित्र की पूजा कर बोल बम कांवरिया सेवा समिति को गुलाल लगाकर भरवन व भूतेश्वर के लिए विदा किया। मौके पर ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव, चुन्नूलाल साहू उपाध्यक्ष कृषि ग्राम विकास समिति, उमेश देवांगन, सुरेश कोर्राम, भानूराम साहू, उमेश साहू, यतेंद्र साहू, डिलेश देवांगन, गोपाल देवांगन, खेमनलाल प्रजापति, कमल निर्मलकर, मोहित साहू, लोमन साहू, नारद साहू, मोहित निषाद, उमेंद मरकाम, सोनू देवागन, राज साहू, कुशल कोर्राम, ईश्वर देवांगन, मनराखन कोर्राम, केसर यादव समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सड़क चौड़ीकरण के लिए दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बजरंग चौक से एचपी पेट्रोल पंप तक फोरलेन सड़क एवं डिवाइडर निर्माण, पुरानी बस्ती में महानदी पर पुल निर्माण एवं रानी दुर्गावती चौक से जंगलपारा स्कूल होते हुए धमतरी मेन रोड तक सड़क चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी एसडीओ प्रशांत साहू को आवेदन दिया गया।

# थुहा के कांवरिये शिवरीनारायण रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम थुहा की बोल बम सेवा समिति के 70 सदस्यों ने 25 जुलाई को सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने शिवरीनारायण के लिए प्रस्थान किया। मौके पर बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष चुम्मन साहू, सरपंच लोमेश ध्रुव, गगन चंद्राकर, माधोराम लोकेश, खेमन, डोमेन साहू, टीकू, करण, लक्की, भावेश, देशांत, मुरली, राजेश, चंद्रकांत, हृदयराम, चिराग, तुषार, रितेश, नंदकिशोर, भानु, झगेश, गुरुदयाल, कुंदन, सागर, ओंकार, वासुदेव, भूखन, रोमलाल योगी, योगेंद्र, डॉ राजू साहू शामिल हुए।

## रामपुर स्कूल में कारगिल विजय दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

शाउमावि रामपुर में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सभी ने देश के वीर सपूतों को नमन कर उनके शौर्य और बलिदान को याद किया। बच्चों द्वारा वीरों की गाथा, गीत, कविता, स्लोगन, सुविचार प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, पी शर्मा, एसएस, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कारगिल विजय दिवस पर पचपेड़ी स्कूल में देश के अमर शहीदों को किया याद

■ पूर्व सैनिक देवनाथ ने अपने 17 वर्ष के सेवाकाल की घटनाओं को स्वयंसेवकों से साझा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



शाउमावि पचपेड़ी में कारगिल विजय दिवस पर देश के अमर शहीदों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राचार्य रवींद्र कोसरे के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सेना के पूर्व सैनिक देवनाथ सोनकर ने अपने 17 वर्षों के सेवाकाल से जुड़ी हुई यादों एवं घटनाओं का अनुभव स्वयंसेवकों से साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा का अवसर हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने स्वयंसेवकों को भारत माता की सेवा के अवसरों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवक लीनिमा वैष्णव ने कारगिल युद्ध से जुड़ी हुई घटनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने किया। प्राचार्य ने कारगिल युद्ध के तत्कालीन कारणों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण, एनएसएस इकाई के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# जामुन, नीम, गुलमोहर के 130 पौधे रोपे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नयापारा प्राथमिक शाला फरसियां के सड़क किनारे से महामाई मंदिर प्रांगण तक लगभग आधा किलोमीटर जामुन, नीम एवं गुलमोहर के 130 पौधे रोपे गए। इस कार्य में सरपंच केशव टेकाम, हरकलाल मरकाम, शेखरलाल, भीखराय, संजय, कुलदीप, राजेश्वर, थानसिंग, धनेश नेताम, जवाहर लाल, लक्ष्मीनाथ, रोशन, अर्जुन, संतोष, रूपेश, धनेश्वर, दीपक, लक्ष्मण, संतराम, नंदेश्वरी मरकाम, जगबती कोर्राम का सहयोग रहा।

# छात्र-छात्राओं ने बौद्धिक प्रतिभा और तार्किक क्षमता का दिया परिचय

■ शाउमावि भेंडरा में विज्ञान, गणित विषय पर हुई क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)




शाउमावि भेंडरा में विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य टीआर साहू ने की। प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को चार समूह सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुरम में विभाजित किया गया था।

इन समूहों के प्रतिभागियों ने विज्ञान और गणित से संबंधित रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी बौद्धिक प्रतिभा और तार्किक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन पारसमणि साहू द्वारा किया गया। निर्णायक जीके देवांगन, पीके साहू, ज्योति साहू, दसोदा साहू, एसएल साहू, हेमेंद्र साहू थे। प्राचार्य टीआर साहू ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में विषयों के प्रति रुचि, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। यह कार्यक्रम विद्यालय के लिए न केवल एक शैक्षणिक आयोजन था, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी सिद्ध हुआ।

सुखराम नागे कालेज में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

# वीर सैनिकों के त्याग के कारण ही आज हम सुरक्षित हैं : खालसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में रासेयो इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारगिल युद्ध के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं छात्रों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और समर्पण की भावना जागृत करना है। अध्यक्षता प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के साहस और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि वीर सैनिकों के त्याग के कारण ही आज हम स्वतंत्र और सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं।

मुख्य अतिथि दयाराम सार्वा सीआरपीएफ गोरेगांव ने छात्रों को कारगिल युद्ध की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए सैनिक जीवन के अनुशासन एवं जिम्मेदारियों के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि डीएस नेताम आर्मी आफिसर ने कश्मीर में किये गये अपने सैन्य कार्यों तथा अपने कठिन प्रशिक्षण की जानकारी दी। बलदेवराम नेताम बीएसपी ने जम्मू कश्मीर की वास्तविक सुरक्षा व्यवस्था बताया। महेशराम नेताम सरपंच घुरावड़ तथा लीलाबंर नागवंशी सरपंच भुरसीडोंगरी ने भी अपने विचार रखे।

डा. कविता नारंग ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल विजय का पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे सैनिकों की तपस्या, त्याग और मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम का स्मरण है। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा ने कारगिल युद्ध का संक्षिप्त इतिहास बताया। डा. दीपा देवांगन ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा हेतु हर नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। इस दौरान वीर सैनिकों की शहादत को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. मोहित कुमार, प्रो.लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, अतिथि व्याख्यातागण डॉ. ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, प्रमोद चौरे, उर्वशी साहू, डॉ. वेणु साहू, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल, नेहा राजन, अविरल तिवारी, मनोज बारले, मो. अब्बास मेमन सहित रासेयो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने आभार व्यक्त किया।

## बच्चों व शिक्षकों ने मां के नाम रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी उमावि जीजामगांव में शिक्षकों व बच्चों ने एक एक पौधा मां के नाम रोपा। लगभग 20 पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य वायपी गोस्वामी, शिक्षकगण देवेंद्र साहू, योगेश कुमार, कैलाश साहू, साक्षी शिंदे, ममता डहरिया, खुशी साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धारदार हथियार लहराते युवक गिरफ्तार

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**धमतरी।** आम जगह पर धारदार हथियार लहराकर दहशत फैला रहे युवक को कोतवाली पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से संतोष अस्पताल के सामने गली में एक युवक द्वारा धारदार हथियार लहराकर डराने-धमकाने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए कोतवाली पुलिस की टीम रूद्री रोड स्थित संतोष अस्पताल के पास मौके पर पहुंची जहां एक युवक हाथ में धारदार चाकू रख उसे लहराते हुए दहशत फैला रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उक्त युवक को काबू में कर उसकी तलाशी ली। उसके कब्जे से 1 नग स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया जिसे पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम टुमेन्द्र लहरे पिता जगदीश उम्र 25 वर्ष शासकीय स्कूल के पीछे हटकेशर निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी टुमेन्द्र लहरे को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की है।

### दंतेश्वरी हाईस्कूल में मनाई गई हरेली

**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा धमतरी में हरेली का त्योहार मनाया गया। प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती पर जब सावन की पहली अमावस्या दस्तक देती है तो प्रकृति के हर कोने में हरियाली की गूंज सुनाई देने लगती है। हरेली तिहार न केवल कृषि जीवन का उत्साह है बल्कि छत्तीसगढ़ की गहराई से जुड़ी संस्कृति परंपरा और लोक चेतना की झलक भी है। इस दिन सभी लोग खेती किसानी से जुड़े औजारों की पूजा करते हैं। महिलाएं गौरी-गौरा की पूजा पारंपरिक गीतों और पकवानों के साथ करती हैं। इस अवसर पर बच्चों के लिए गेंड़ी, खो-खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़, फुगड़ी खेल का आयोजन किया गया।

महापौर से मुलाकात कर समस्याओं का हल करने सौंपा ज्ञापन

# किक बाक्सिंग खिलाड़ियों को नहीं मिली खेल सामग्री व सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के किक बाक्सिंग खिलाड़ी इन दिनों सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। अपर्याप्त खेल सामग्री से ही प्रैक्टिस करनी पड़ रही है। क्लब के प्रतिभाशाली खिलाड़ी उदय यादव, सीताराम यादव, आशीष गौतम, गुलशन कंवर, हितेश साहू, अमन मीनपाल, अर्पित सोनकर, वीरेंद्र मीनपाल, हर्ष सोनकर ने बताया कि किक बाक्सिंग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन किया है। खिलाड़ी अच्छी प्रैक्टिस के लिए सुविधाएं मांगने महापौर रामू रोहरा के पास पहुंचे। महापौर को ज्ञापन देकर खेल सुविधाएं दिलाने की मांग की। खिलाड़ियों ने महापौर को बताया कि खेल प्रशिक्षण, प्रतियोगिता के लिए आवश्यक खेल सामग्री की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्गेश पटेल, देवेंद्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है।

खिलाड़ियों की समस्या सुनकर महापौर ने तत्काल सुविधाएं दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी सभापति विजय मोटवानी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निगम एवं शहर के जनप्रतिनिधि सदैव तत्पर हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों की मांगों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।

महापौर ने प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने कटिबद्ध है। खेल की अधोसंरचना को मजबूत करने योजनाबद्ध तरीके से काम होगा, ताकि खिलाड़ियों को अवसर मिले।

# प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग पर पूर्णतः बंदिश का संकल्प

■ तहसील साहू समाज की बैठक में निर्णय लेकर पदाधिकारियों ने सर्कुलर जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





तहसील साहू समाज धमतरी की सामान्य सभा की बैठक साहू छात्रावास बांसपारा में आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक प्रकरणों का निराकरण एवं वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में तहसील साहू समाज शहर धमतरी की महिला उपाध्यक्ष एवं पोस्ट ऑफिस वार्ड पार्षद चंद्रभागा साहू ने बताया कि धमतरी स्वच्छता रैंक में 71 वें नंबर पर है। महापौर ने धमतरी को स्वच्छता रैंक में प्रगति लाने समाज प्रमुखों से सहयोग की अपेक्षा जाहिर की है। प्लास्टिक डिस्पोजल एवं प्लास्टिक बर्तनों पर पूर्णतः प्रतिबन्ध कर स्वच्छ एवं स्वस्थ धमतरी के निर्माण में समाज सहभागी बने।

इस बैठक में सभी परिक्षेत्र एवं वार्ड पदाधिकारियों ने प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग पर पूर्णतः बंदिश लगाने की अपनी सहमति दी। सामाजिक भवनों में आयोजित होने वाले विभिन्न अवसरों एवं कार्यक्रमों पर प्लास्टिक डिस्पोजल एवं बर्तनों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध हेतु सर्कुलर जारी किया।

बैठक में तहसील साहू समाज शहर अध्यक्ष रोहित साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महासचिव यशवंत कुमार साहू, सचिव लीलाराम साहू, संगठन सचिव गोपीकिशन साहू, उपाध्यक्ष विजयगौतम साहू, सचिव डॉ. रामकुमार साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक निर्मल साहू, सेवक साहू, गीतेश्वर, अंकेक्षक गिरीश, सहसचिव होरीलाल, ब्रजेश साहू, भागेश हिरवानी, भोलाराम साहू, कमलेशकांत साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक प्रवीण साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ किशनलाल, महिला प्रकोष्ठ संयोजक भगवती साहू, निर्मला, पुष्पलता, हमेश्वरी, युवा प्रकोष्ठ संयोजक भागवत साहू, देवेंद्र साहू, ललित साहू, मीडिया प्रभारी हेमलाल, वीरेंद्र, प्रवीण, नंदू साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष ईश्वर साहू, नीलमणि साहू, रंजना साहू, अशोक, शिवाजी, बंशीलाल, मुरारीलाल, प्रीतिबाला, केवल साहू, जनार्दन गजपाल, अजय साहू, मोहनलाल साहू, लालाराम साहू, खेमलाल साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# बलियारा में हरेली पर्व पर हुआ खेलकूद का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बलियारा में ग्रामीण युवा विकास समिति, ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हरेली पर खेलकूद का आयोजन किया गया। गेड़ी दौड़, 100 मीटर दौड़, कबड्डी बालक-बालिका एवं महिला-पुरूष, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, मटका फोड़, चम्मच दौड़ समेत दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती चुम्मन हीरासिंग कंवर सरपंच, अशोक गुप्ता समाजसेवक, देवनारायण साहू उपसरपंच, पन्नालाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, पंच धरम कंवर, मोहित साहू, रिंकी ध्रुव, दिलेश्वरी मारकंडे, ज्योति गेंडरे, लोमश कंवर, जमुना निर्मलकर, इंद्राणी मारकंडे, भोजमती ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष जगतरणदास गेंडरे, लेखराम कंवर, सलाहकार सुदर्शन सिंह ठाकुर, अशोक मारकंडे, थानसिंग कंवर, गोविंद कंवर, भीखम साहू, ग्राम युवा विकास समिति अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मारकंडे, उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, सचिव गंगाधर साहू, उपसचिव डिगेश नागवंशी, कोषाध्यक्ष छबिलाल साहू, उपकोषाध्यक्ष महेन्द्र कंवर, संगठन मंत्री नीरज साहू, युवा समिति के सदस्य तुकाराम यादव, चैनदास मारकंडे, रूपनारायण साहू, ऐश कुमार साहू, ऐमन साहू, गोलू यादव, जनक कंवर, टोपेश्वर कंवर, थानू साहू मौजूद थे।

### स्वामी विवेकानंद वार्ड में बनेगा नवीन आंगनबाड़ी भवन

**धमतरी।** स्वामी विवेकानंद वार्ड के बच्चों को एक नई सौगात मिली है। पुराने और जीर्ण हो चुके आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर अब वहां नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य का भूमिपूजन महापौर रामू रोहरा एवं वार्ड पार्षद सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर ने किया। महापौर श्री रोहरा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए उचित वातावरण आवश्यक है और यह नवीन भवन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर वार्डवासियों ने कांटा तालाब के पास प्रस्तावित चौपाटी के लिए भी महापौर का आभार व्यक्त किया, जिससे वार्ड में सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, आमदी मंडल महामंत्री कोमल देवांगन, धमतरी मंडल महामंत्री राजीव चंद्रकार, केवल साहू, संतोष देवांगन, मनोज राठी, नीरज श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष शेषनारायण, नरेश देवांगन, तेजराम साहू, विजय वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस भखारा में धूमधाम से मनेगा

■ सर्व आदिवासी समाज धमतरी की बैठक में हुए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सर्व आदिवासी समाज की बैठक जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई की अध्यक्षता तथा कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश रावटे, जिला गोंड समाज अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, संरक्षक डॉ एआर ठाकुर, कमल नारायण ध्रुव कोषाध्यक्ष, चंद्रकला नेताम जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सर्व आदिवासी समाज, ईश्वरी नेताम जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की उपस्थिति में मंडी प्रांगण भखारा में रखी गई।

सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी की ओर से संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से घोषित 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को इस बार रोटेशन पद्धति में तहसील मुख्यालय भखारा में मनाया जायेगा। सर्व आदिवासी समाज की बैठक में इस विषय पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही इस बार की थीम राष्ट्रीय जनगणना के मद्देनजर पृथक आदिवासी धर्म कोड की मांग को जोर-जोर से एवं प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए प्रत्येक आदिवासी परिवार से 30 रूपए एवं 1 किलो चावल एकत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए विभिन्न प्रकार की समिति जैसे सामाजिक सहयोग समिति, शासकीय अधिकारी कर्मचारी समिति, देव समिति, भोजन समिति, प्रशासनिक समिति, क्रय समिति, रैली संचालन समिति, सांस्कृतिक समिति, प्रतिभा सम्मान समिति, प्रचार प्रसार समिति गठित करने पर चर्चा की गई। सामान्य प्रभाग द्वारा महिला प्रभाग, युवा प्रभाग एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ अंतर्गत शासकीय सेवक संघ को विशेष दायित्व सौंपा गया। विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचेंगे। डीजे की जगह परंपरागत वाद्य यंत्रों की टोली शामिल होगी। नगर में भव्य रैल तथा आदिवासी संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज की छटा बिखरेगी।

9 अगस्त विश्व आदिवासी के जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिले भर में किसी अन्य मुड़ा, परिक्षेत्र, तहसील में अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं करने तथा किसी क्षेत्र में इस प्रकार का अन्य कार्यक्रम होता है तो संज्ञान में आने पर उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस परिप्रेक्ष्य में निर्णय लिया गया है कि इस दिन छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया जाए। कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

मौके पर जिला महासचिव उदय नेताम, सामाजिक पदाधिकारी गण शिव नेताम, अजजा शासकीय सेवक संघ जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम, भखारा तहसील सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष होमन कतलाम, गोंड समाज तहसील भखारा अध्यक्ष ठाकुरराम नेताम, सुग्रीव नेताम सचिव, सर्व आदिवासी समाज नगरी अध्यक्ष उमेश देव, प्रमोद कुंजाम, कुलेश्वर ध्रुव, चमेली नेताम, रमी गौतम सरपंच शंकरदाह, भूमिका कोर्राम, संतराम ध्रुव, होलाराम मंडावी, हरिराम, रोहित नेताम, नंदकिशोर नेताम, अजजा शासकीय सेवक संघ के पदाधिकारीगण दौलतराम ध्रुव, गौतम पोटाई, राहुल नेताम, लीलेश्वर ग्वाल, घनश्याम नगारची, दुष्यंत ध्रुव, टीकम सिंह ध्रुव, युवा प्रभाग अध्यक्ष खिलेंद्र पड़ोटी, ध्रुव गोंड़ युवा प्रभाग अध्यक्ष वेद प्रकाश ध्रुव, रामेश्वर मरकाम, महासचिव हेमंत ध्रुव, नगरी अध्यक्ष संत ध्रुव, अर्जुन मंडावी, खिलेश नेताम, जीवनलाल, ढाल सिंह, लक्ष्मी नारायण सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# ऐजे इंग्लिश स्कूल में मनाया गया हरेली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली एजे इंग्लिश स्कूल कुरुद में धूमधाम से मनाया गया जहां प्रतिभा के धनी बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। नर्सरी से 10 वीं तक के बच्चे छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में आये थे।

बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। प्राचार्य एसएन पंडा ने बच्चों को हरेली पर्व के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे लोग हरेली पर्व के दिन खेतों में काम आने वाले औजारों की पूजा करते हैं। गायों को चरवाहा द्वारा जंगल से लाई गई जड़ी बूटी खिलाई जाती है ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके। शिक्षक विजय साहू ने बताया कि हरेली त्योहार छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है। यहीं से आगे के त्योहार का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस मौके पर संचालक अय्यूब खान, अंजुम खान, शिक्षक शिक्षिकाएं मिलेश्वर साहू, टोमन साहू, नीतू साहू, डोवेश साहू, केशकुमारी साहू, फनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, चुरामिन साहू, प्रमिला पंडा, ऐरावती चंद्राकर, दामिनी ध्रुव, ईफरा खान, गीतांजलि सिन्हा, नन्दनी सिन्हा उपस्थित थे।

# पारंपरिक खेलों में ग्रामीणों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



हरेली तिहार के अवसर पर ग्राम बोड़रा (पुरी) में लोक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में गेड़ी दौड़, मटका फोड़, नारियल फेंक और गोला फेंक जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें गांव के युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजना और ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहन देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी कोमल संभाकर ने ग्रामीण खेलों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हरेली तिहार हमारी मिट्टी की खुशबू से जुड़ा त्योहार है। यह सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, संस्कार और ग्रामीण एकता का प्रतीक है। आज के समय में जब आधुनिकता हमारी जड़ों को कमजोर कर रही है, ऐसे आयोजन हमारी पहचान को सहेजने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान सुनील नागवंशी, रामकृष्ण निषाद, देवलाल, छबिलाल, सोमनाथ, थानेश ध्रुव, लेखराज, कमलेश, रोहित साहू, शेखर, महेश्वर यादव, योगेंद्र, चित्रसेन, जयंत, तुषार मौजूद रहे।

### बाबा बैद्यनाथ का दर्शन कर लौटे शिवभक्त

**मगरलोड।** सावन माह में अंचल के शिवभक्त बाबा बैद्यनाथ का दर्शन कर वापस लौटे। करेली बड़ी समेत अन्य गांवों के शिव भक्तों ने बाबाधाम में जल अभिषेक कर गांव और स्वयं के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। शिवभक्त डोमार सिंह साहू, संजय राव, पिंकी राव, उषा साहू, लता साहू, मेनका सारथी, तारेंद्र साहू, प्रदीप साहू, कामिन साहू, रम्भा साहू, धनी, हरीश, बसन्त साहू, जगदीश साहू, घनश्याम साहू, डायमंड, दीपक, भीष्मा, ऋतु, कुंजबिहारी, मोतीराम, गीतांजलि ने बताया कि रायपुर से जस्सीडीह और सुल्तानगंज गंगा नदी से जल लेकर 110 किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बैद्यनाथ में जल अभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की।

आवश्यकता है
धमतरी, बालोद, कांकेर, कोन्डागाँव
में ACE Harvester/ट्रेक्टर विक्रय हेतु अनुभवी एवं ITI प्रशिक्षित नवयुवकों की आवश्यकता है - पद - 05
ट्रेक्टर हार्वेस्टर हेतु अनुभवी/आई.टी.आई. प्रशिक्षित मैकेनिकों की आवश्यकता है - पद - 2
संपर्क करें :- धमतरी में साई ट्रेक्टर्स सिहावा रोड, धमतरी
स्वयं की मोटर सायकल अनिवार्य
मोबाईल नं. : 7000292192, 94252-09243
कोन्डागाँव में : जामकोट पारा मेन रोड, कोन्डागाँव

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
07389095800, 09300408100



# 12वीं के कुणाल चुने गए शाला नायक

■ शासकीय उमावि सिलौटी में छात्र संघ का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में छात्र संघ का गठन हुआ। कक्षा 12वीं के कुणाल साहू को शाला नायक चुना गया। कक्षा नायक एवं उपकक्षा नायक का चुनाव प्रावीण्य सूची के आधार पर किया गया।

उप शालानायक भूमिका, छात्रा प्रतिनिधि दुर्गेश्वरी साहू, मुकुल, क्रीड़ा सचिव धनेंद्र, सह सचिव खुशबू ध्रुव, स्काउट सचिव हिमांशु, सहसचिव खिलेश्वरी, रेडक्रॉस सचिव दीपाली, सहसचिव दीपांशु, भूगोल सचिव भावना, सहसचिव रानी, सांस्कृतिक सचिव भावना, सहसचिव भूमिका, अनुशासन सचिव देवेंद्र साहू, सहसचिव टेमेंद्र, विज्ञान सचिव जिज्ञासा, सहसचिव भूमिका ध्रुव, इको क्लब सचिव लक्ष्मी साहू, सहसचिव डेकेश्वर ध्रुव चुने गए।

प्राचार्य बीपी बघेल द्वारा चयनित पदाधिकारियरों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई। मौके पर छात्र संघ चुनाव प्रभारी जेएन सोनवानी, एके यादव, एसके जैन, एसके ध्रुव, एनआर साहू, वायके सेन, सीपी साहू, एचआर साहू, श्रीमती आर. पोरते, एनके साहू, एचके साहू, श्रीमती यशोदा साहू, आकाश साहू, भोजराम साहू समेत सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

# स्कूल के मेन गेट के सामने गड्ढे में बह रहा पानी, पुलिया बनाने की मांग

■ शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी, दो साल बीतने के बाद भी नहीं बनी पुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम गढ़डोंगरी माल में प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के मेन गेट के सामने गड्ढा हो गया है, जहां पर पानी बहता है। वहीं स्कूल को सुरक्षित रखने के लिए विद्यालय के चारों ओर बाउंड्री से दीवार तो खड़ा कर दिया गया है। मगर वहीं मेन गेट बना दिया गया है, मगर गेट के सामने बहुत बड़े गड्ढे हो गए हैं। उसके किनारे से पारकर जा रहे हैं। छात्र-छात्राओं के साथ बहीगांव के खेल प्रेमी पारकर खेल मैदान जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में चारों ओर बाउंड्री और गेट बना हुआ है मगर उसके सामने पुलिया नहीं बनी। बड़े वाहन स्कूल परिसर पर नहीं जाते हैं। विभाग द्वारा गेट तो बना दिया है लेकिन गेट के सामने पुलिया बनाना भूल गया है। दो साल से अधिक समय बीत गया है। इससे आने-जाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं को साइकिल से आने-जाने में परेशानी हो रही है। राजकुमार नेताम वार्ड पंच, जागेश मरकाम, कृष्ण यादव, दीनूराम नेताम, तामेश्वर सोनी, खिलेश मरकाम, अश्वनी कुमार, सुजल सोम, योगेश निषाद, त्रिलोक नेताम, सूरज यादव, हिमांशु मरकाम, सुरेंद्र कोरम, गीतेश्वर भास्कर, नीरज मरकाम ने पुलिया बनाने की मांग की है।

